VSA
A Real English Medium School
Little Steps
Pre Primary wing of VSA

VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce
W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur

Class – 4th. **Subject - Hindi.** **Topic - संवाद लेखन"**

नीचे दिए गए संवाद को लिखें और याद करें

नीचे कुछ संवाद-लेखन के उदाहरण दिए जा रहे हैं, ध्यान से पढ़िए–

ज़्यादा चॉकलेट नहीं खानी चाहिए। इस विषय पर दो बच्चों के बीच का संवाद–

बीनू – तुम क्या खा रही हो?

शीनू – मैं चॉकलेट खा रही हूँ।

बीनू – मैंने ध्यान दिया है कि तुम रोज़ चॉकलेट खाती हो।

शीनू – हाँ, मुझे चॉकलेट बहुत पसंद है।

बीनू – क्या तुम नहीं जानती कि ज़्यादा चॉकलेट खाने से दाँत ख़राब हो जाते हैं।

शीनू – जब मुझे भूख लगती है, तो क्या खाऊँ!

बीनू – जब तुम्हें भूख लगती है, तो फल खाओ। फल खाने से हमारी सेहत भी अच्छी रहती है और हम ताकतवर भी बनते हैं।

शीनू – हाँ, ये तो तुम ठीक कह रही हो। अब से मैं ज़्यादा चॉकलेट नहीं खाऊँगी।